## गुस्ताखी माफ

पीकर सोना तो नहीं, कोई बड़ा कसूर।
करता यदि हुड़दंग तो, देते टांग हजूर।
देते टांग हजूर, हुआ सब अनजाने में।
दारू पीकर वहीं, सो गया था थाने में।
कह साहिल कविराय, हो गया जो था होना।
पीकर जगता रहे, नहीं है पीकर सोना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 184 | SATURDAY 11-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# VIP कल्चर पर AAP की परीक्षा, अपने ही सदस्य पर कार्रवाई की सिफारिश

## झंडी और हूटर ने बढ़ाई मुश्किलें, हाईकमान तक पहुंचा मामला











राजविंदर

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। आम आदमी पार्टी (AAP) के लुधियाना ट्रेड विंग में कथित 'झंडी विवाद' ने सियासी हलचल तेज कर दी है। ट्रेड विंग के चेयरमैन परमपाल सिंह बावा ने हलका वेस्ट के सक्रिय सदस्य नितीश मल्होत्रा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश पार्टी हाईकमान को भेज दी है। आरोप है कि नितीश मल्होत्रा अपनी निजी गाड़ी पर कथित रूप से स्टेट कमीशन की झंडी और हूटर लगाकर घूम रहे थे, जिससे पार्टी की छवि प्रभावित हुई। परमपाल सिंह बावा का कहना है कि उन्हें पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि नितीश मल्होत्रा सरकारी नियमों की अनदेखी करते हुए निजी वाहन पर झंडी और हूटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से वीआईपी कल्चर के खिलाफ रही है और ऐसी गतिविधियां पार्टी की नीति के विपरीत हैं। बावा ने यह भी दावा किया कि नितीश मल्होत्रा के खिलाफ पहले भी एक पुलिस शिकायत दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। इन तथ्यों के आधार पर उन्हें पद से हटाने और पार्टी से निष्कासित करने की सिफारिश हाईकमान को भेजी गई है।

### *सदस्य ने पलटवार करते हुए पूछा- बड़े नेता लगाएं तो ठीक, मैं लगाऊं तो गलत क्यों ?*


*दूसरी ओर, नितीश मल्होत्रा ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी स्थानीय चेयरमैन के पास किसी सदस्य को पार्टी से निकालने का अधिकार नहीं है। झंडी लगाने के सवाल पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, ₹अगर पार्टी के अन्य बड़े नेता और चेयरमैन अपनी गाड़ियों पर झंडियां लगाकर घूम सकते हैं, तो मेरे खिलाफ ही कार्रवाई क्यों?*

*अब पूरा मामला पार्टी हाईकमान के पास पहुंच चुका है। यह विवाद न केवल पार्टी के 'नो वीआईपी कल्चर' के दावे की परीक्षा बन गया है, बल्कि लुधियाना इकाई के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान भी खुलकर सामने आ गई है। अब सभी की नजर हाईकमान के अंतिम फैसले पर टिकी है।*






# मोबाइल एक्सपोर्ट और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजीव अरोड़ा के खिलाफ ED की चार्जशीट




चंडीगढ़ /यूटर्न/10 जुलाई। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ कथित फर्जी मोबाइल फोन निर्यात और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत में चार्जशीट (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) दाखिल की है। जांच एजेंसी ने अदालत में दाखिल दस्तावेजों में आरोप लगाया है कि मामले में अरोड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही और उनसे जुड़ी कारोबारी गतिविधियों की जांच के दौरान कथित वित्तीय अनियमितताओं के साक्ष्य मिले हैं। मामले में अदालत अभी आरोपों पर विचार करेगी और अंतिम निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा। ED का आरोप है कि कुछ कंपनियों के माध्यम से मोबाइल फोन के निर्यात से जुड़े लेनदेन में कथित अनियमितताएं की गईं तथा फर्जी दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन के जरिए धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) का प्रयास किया गया। एजेंसी का कहना है कि जांच के दौरान बैंक रिकॉर्ड, कारोबारी दस्तावेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की गई है। मामले की सुनवाई अब गुरुग्राम की विशेष अदालत में होगी। वहीं, संजीव अरोड़ा से जुड़ी कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड पहले ही ED के आरोपों को खारिज कर चुकी है।

# लुधियाना नकली, नशीली और बिना बिल की दवाइयां का हब बना

## जिन दवाइयां के 264 सैंपल हुए फेल पंजाब में बिकी, एक भी सैंपल जांच के लिए नहीं भेजा गया।

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। ड्रग विभाग की ढीली कार्रवाइयों के चलते पिछले कुछ समय से लुधियाना नकली नशीली ( नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाली दवाइयां) तथा बिना बिल की दवाइयां का हब बन चुका है हिमाचल इन दिनों दवा निर्माण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्टेट बन चुकी है जहां सैकड़ो तरह की दवाइयां का निर्माण होता है यहां तक कि मल्टीनेशनल कंपनियां भी अपनी दवाइयां हिमाचल से बनवाने लगी है इन दवाइयां की काफी बड़ी खेप की खपत पंजाब में भी होती है जिसका एक बहुत बड़ा हिस्सा लुधियाना की पिंडी स्ट्रीट में भी आता है जिसे एशिया का सबसे बड़ा दवा बाजार कहा जाता है गौर तलब है कि हिमाचल में जो दवाइयां बनती हैं उनमें से पिछले 5 महीना में 264 दवाइयो के सैंपल फेल हो चुके बताए जाते हैं परंतु हैरानी की बात यह है कि जहां हिमाचल में 264 दवाइयां के सैंपल फेल हो चुके हैं राज्य का ड्रग विभाग 64 सैंपल भी नहीं पकड़ पाया है लोगों का मानना है कि जो दवाइयां हिमाचल में फेल सिद्ध हुई है उसकी काफी बड़ी खेप लुधियाना में आकर बिक गई इनमें शुगर, ब्लड प्रेशर , हृदय रोग, एंटीबायोटिक सहित विभिन्न बीमारियों की दवाइयां शामिल है शहर में यह भी चर्चा है कि अस्पतालों में लोगों की डेथ रेट बढ़ने का कारण यह नकली दवाइयां है जिसके सैंपल हिमाचल में फेल हो चुके हैं लोग इसका एक कारण यह भी बताते हैं कि स्थानीय ड्रग विभाग की कोई इच्छा ही नहीं है कि वह ऐसी कोई कार्रवाई करें जिससे दवा बाजार के लोग उनसे नाराज हो जाए क्योंकि काफी समय से शहर में तैनात होने के कारण अब उनके अच्छे रिश्ते बन चुके बताए जाते हैं. इन नकली दवाओं की आड़ में मेडिकल स्टोर संचालक मोटा मुनाफा तो कमाते हैं साथ ही मरीज की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं. नकली दवाई के चलते मरीज के परिजन लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी मरीज की बीमारी को ठीक नहीं करा पाते. कई बार तो नकली दवाओं के चलते मरीज की जान भी चली जाती है । पर जो केमिस्ट ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं वह भी इन हालातो को देखकर बेहद दुखी है और चाहते है कि ऐसे गैर कानूनी कार्य बंद हो। ऐसे मामलों में जिस विभाग की कार्रवाई की करने की जिम्मेदारी बनती है वह शांत और एयर कंडीशन कमरों से बाहर नहीं निकलते ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर नकली दवाओं से आम आदमी कैसे बचे. भोले भाले लोग डॉक्टर की लिखी हुई दवाओं को लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर जाते हैं. लेकिन, कई बार जब उन्हें नकली दवाई थमा दी जाती है, जिसको वो पहचान नहीं पाते हैं उससे बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।




### बिना बिल के बिक रही है नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाली दवाइया।

पंजाब सरकार द्वारा राज्य में नशाखोरी को रोकने के लिए जी तोड़ कोशिशे की जा रही है परंतु फिर भी नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा इनमें ऐसी दवाइयां भी शामिल है जो नशे के तौर पर इस्तेमाल की जा रही है हर नशा करने वाला अपने तरीके और रसूख से ऐसी दवाइयां हासिल कर लेता है जाहिर है कि ऐसी दवाइयां बिना बिल के बाजार में उपलब्ध हैं और रोजाना बिक रही है परंतु इनको रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी प्रकार की ना तो कैंपेन शुरू की गई है ना ही जनहित में कहीं छापेमारी अभियान शुरू किया गया है विगत में भी बांग्लादेश के बॉर्डर पर पकड़ी गई दवाइयां के बिल पिंडी स्ट्रीट के केमिस्टों के निकले थे बाजार में चर्चा है कि यह धंधा आज भी जारी है लोग अपने ब्रांड बनाकर दवा निमार्ता कंपनियों से अपनी दवाइया बना रहे हैं और उसे बेचा जा रहा है ।

**सभी दवाओं पर हो क्यूआर कोड :** ड्रग विभाग के उच्च अधिकारियों ने बताया कि अभी कुछ दवाओं पर क्यूआर कोड आना शुरू हो गया है. उसको स्कैन करते ही दवा के बारे में पूरी जानकारी ली जा सकती है. वहीं, आने वाले समय में सभी दवाओं पर क्यूआर कोड आना शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को दवाओं के बारे में जानकारी लेने में मुश्किल नहीं होगी. वह अपने फोन से जैसे ही क्यूयूआर कोड को स्कैन करेंगे उस दवाई के बैच नंबर, एक्सपायरी, मैन्युफैक्चरिंग और साल्ट के बारे में सारी जानकारी आ जाएगी. इससे नकली दवा पर भी रोक लगने की पूरी संभावना है, क्योंकि नकली दवा बनाने वाले दवाई पर क्यूआर कोड देने से बचना चाहेंगे।

### पूरे देश में हैं दवाई के एक ही रेट को लेकर पॉलिसी

दवा विशेषज्ञों का कहना है कि पूरे देश में जीएसटी लागू होने के बाद से दवाई के एक ही रेट हैं. दवाई को कॉस्टिंग भी सेम है। लेकिन जब लोग होलसेल में बिना बिल के दवाई खरीदते हैं तो उस पर जीएसटी नहीं देते हैं, जिससे कि वह दवाई उनको सस्ती पड़ जाती है उनका कुल मार्जिन ही 20 से 22% होता है तो वह आगे 10 से 20% डिस्काउंट कैसे दे सकते हैं।

### किन बातों का रखें ध्यान

इससे समस्या का हाल बताते हुए कई विशेषज्ञों का कहना है कि कोई व्यक्ति मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदने जाए तो उसको दवाई का बिल जरूर लेना चाहिए. साथ ही उसे दवाई के बैच नंबर और एक्सपायरी डेट जरूर चेक करनी चाहिए. अगर हम बिल से दवा लेंगे तो कोई भी व्यक्ति हमारे साथ धोखाधड़ी करने से पहले सोचेगा. साथ ही बिल से दवाई लेने में इस बात की संभावना बहुत कम है कि वह आपको नकली दवाई देने का प्रयास करे. नकली दवाई देने का काम वही लोग करते हैं जो बिना बिल के दवा खरीदते हैं तो आगे भी बिना बिल के दवा देते हैं. मरीजों की जान को जोखिम में डालते हैं. इन सभी मेडिकल स्टोर के खिलाफ नकली दवाई को लेकर जांच करने का अधिकार ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट के पास है। जिसके अधिकारी ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नही है।

### केमिस्ट के पूछ कर लेते हैं दवा के सैंपल

सरकार की ओर से दवाइयां के सैंपल लेने के काम में तेजी लाने के लिए जितने भी निर्देश जारी किए जाएं परंतु ड्रग विभाग केमिस्टों से पूछ कर ही दवा के सैंपल लेते हैं ताकि आपसी रसुख खराब ना हो अगर कहीं पर कोई ईमानदार अधिकारी संदिग्ध दवाई के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज भी दे तो जब तक उसकी रिपोर्ट आती है बाजार से सारा स्टॉक बिक चुका होता है। दवा बाजार की ईमानदार केमिस्टों का कहना है कि डुप्लीकेट दवाइयां में दवाइयो को डिब्बा स्ट्रिप और बैच नंबर हु बहू मिलता है कई बार तो नकली दवा के सामने असली दवा के डिब्बे और स्ट्रिप भी फीकी पड़ जाती है ।

### ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की सैंपल लेने के कार्यों की हो समीक्षा

राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ड्रग कंट्रोल विभाग को जब से स्वतंत्र प्रभार दे दिया गया है दवाइयो की जांच का काम मानो रुक गया है विभाग के सूत्र बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि विभाग दवाइयां की जांच या उनके सैंपल लेकर जांच के लिए नहीं भेजता हर महीने निर्धारित सैंपल लेने के कोटे को पूरा करने के लिए दावा बाजार में जाकर उन दवाइयां के सैंपल भरे जाते हैं जिनके बल होते हैं नकली दवा को अगर विभाग के अधिकारी पकड़ भी लेते हैं तो दावा बाजार के प्रभावशाली लोग आड़े आ जाते है ऐसे में दवा के सैंपल कम ही फेल होते हैं। अधिकारी यह तर्क देखकर बच जाते हैं कि उन्होंने तो रेगुलर जांच का कार्य जारी रखा हुआ है जो केमिस्ट ईमानदारी से काम करते हैं वह ऐसे हालात को देखकर बेहद दुखी है उनका कहना है कि उनकी मुफ्त में बदनामी हो रही है इसलिए सरकार को चाहिए कि वह ड्रग डिपार्टमेंट के सैंपलिंग लेने के कार्यों की समीक्षा करें क्योंकि इससे सरकार का नाम भी खराब हो रहा है।

### कुछ डॉक्टर और अस्पताल करा रहे हैं खुद की दवाई मैन्युफैक्चर

इस सवाल पर कि कई बार डॉक्टर द्वारा लिखे गए पर्चे में से कुछ दवाइयां तो बाहर मिलती हैं. लेकिन, एक-दो दवाइयां बाहर कहीं भी नहीं मिलती. इसके पीछे क्या सच्चाई है? कुछ डॉक्टर ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में एक दो दवाइयां को खुद से भी मैन्युफैक्चर करा लेते हैं. साथ ही उन दवाइयों में एक दो साल्ट का ऐसा कॉबीनेशन बना देते हैं जो बाहर कहीं भी नहीं मिल सकती है. ऐसी दवाइयां में वह मोटा मुनाफा कमाते हैं. लोगों को कहीं और दवाई न मिलने की वजह से मजबूर होने से वह दवाई कई गुना महंगी दामों में खरीदनी पड़ती है।

# साउथ बाईपास फ्लाईओवर पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, चालक गंभीर घायल

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। लुधियाना के साउथ बाईपास फ्लाईओवर पर शुक्रवार देर रात दो ट्रकों के बीच भीषण आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि एक ट्रक चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे एक ट्रक चालक ने सामने आए



मोटरसाइकिल सवार को बचाने के लिए अचानक वाहन मोड़ा। इसी दौरान सामने



से आ रहे दूसरे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया।

मौके पर मौजूद दूसरे ट्रक चालक ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। उसे बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद करीब एक से दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जिस चालक की लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हादसे के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को फ्लाईओवर से हटाने में करीब 18 घंटे लग गए। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद रखा और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया, जिससे लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ा।



पेज 06 भगवान जगन्नाथ विशाल नेत्रों से करते हैं पतितों...

# सतलुज विवाद, रवनीत बिट्टू ने शेयर किया ब्लास्ट का वीडियो, बोले- आतंकियों ने बच्चों-महिलाओं पर बम फोड़े; हिम्मत है तो प्रिंसिपल कांता पर फिल्म बनाओ

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। जसवंत सिंह खालड़ा हत्याकांड पर पंजाबी एक्टर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' पर बैन लगने के बाद पंजाब में आतंकवाद के दौर को लेकर फिर से बहस छिड़ गई है। विपक्षी पार्टियां तात्कालिक मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट् टू के दादा बेअंत सिंह पर सवाल उठा रहे हैं। इसको लेकर रवनीत सिंह बिट् टू भी अब लगातार पंजाब में आतंकवाद के दौरे के फोटो और वीडियो शेयर कर रहे हैं और दादा के एक्शन को सही बता रहे हैं। मंत्री ने आज सोशल मीडिया पर दो पोस्ट की। एक पोस्ट में उन्होंने राजपुरा में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल कांता और दूसरी पोस्ट में उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस में हुए रेडियो बम विस्फोट का वीडियो शेयर किया। दूसरी में उन्होंने प्रिंसिपल निर्मल कांता की सरेआम स्कूल में की गई हत्या पर फोटो डाली और चुनौती दी कि अगर हिम्मत है तो इस पर फिल्म बनाओ। उन्होंने कहा कि साल 1990 में आतंकियों ने बच्चों के सामने इन्हें गोली मारी। बताओ अभी भी एमएस बिट्टा गलत थे। मंत्री ने कहा कि एकतरफा इतिहास दिखाना गलत है। उस दौर के दोनों पक्ष दिखाए जाने चाहिए।




### इतिहास का पूरा सच जानना जरूरी

- रवनीत सिंह बिट्टू ने अपनी पोस्ट में लिखा- इतिहास का पूरा सच जानना बेहद जरूरी है, न कि केवल उसका एक पहलू। आज राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए सिर्फ एकतरफा नैरेटिव चला रही है। इसके विपरीत, आतंकवादियों द्वारा किए गए निदोर्षों के कत्लेआम और पंजाब में अमन-चैन बहाल करने के लिए दी गई बड़ी कुर्बानियों को पूरी तरह भुलाने की कोशिश की जा रही है।

### पंजाब का गहरा दर्द

- यह वह गहरा दर्द है जिसे पंजाब ने अपने लोगों के बलिदान के रूप में झेला है। हर पीड़ित हकदार है याद किए जाने का और उसे जरूर न्याय मिलना चाहिए। सच्ची शांति केवल सत्य के मार्ग पर मिल सकती है। ये 17 दिसंबर 1990 को पटियाला के पास राजपुरा में हुई एक बेहद दर्दनाक और ऐतिहासिक घटना के फोटो हैं। जहां एक सरकारी सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल निर्मल कांता को अपनी संवेदनशीलता की भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।

### गरीब बच्चों के हक में उठाई थी आवाज

- उस दौर में आतंकवादियों ने स्कूली बच्चों के लिए एक नया ड्रेस कोड लागू करने का फरमान सुनाया था। प्रिंसिपल निर्मल कांता ने बच्चों के प्रति ममता दिखाते हुए आतंकवादियों से गुहार लगाई थी कि उनके स्कूल के अधिकांश स्टूडेंट्स बेहद गरीब और मजदूर परिवारों से आते हैं, जिनके माता-पिता के पास तुरंत नए कपड़े खरीदने के साधन नहीं हैं। उन्होंने इसके लिए महज दो हफ्ते का समय मांगा था।

# लुधियाना सतही जल आपूर्ति परियोजना की विश्व बैंक टीम ने की समीक्षा, 42% काम पूरा होने पर जताई संतुष्टि



लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। विश्व बैंक के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लुधियाना सतही जल आपूर्ति परियोजना (नहरी जल आपूर्ति योजना) की प्रगति का जायजा लिया। विश्व बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना के तहत शहर में हर घर तक शुद्ध सतही जल पहुंचाने की योजना है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विश्व बैंक की टास्क टीम लीडर रोसाना नीति, शहरी विशेषज्ञ जोई और वरिष्ठ सामाजिक विकास विशेषज्ञ मारिया लुइसा दुरान फारगास ने किया। सराभा नगर स्थित नगर निगम जोन-डी कार्यालय में नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनिधिमंडल को परियोजना की मौजूदा स्थिति, निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था और भविष्य की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में निगरान इंजीनियर पारुल गोयल, प्रोजेक्ट मैनेजर गुरविंदर पाल सिंह सहित तकनीकी अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विश्व बैंक की टीम ने गांव बिलगा में निमार्णाधीन 580 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, मुख्य ट्रांसमिशन पाइपलाइन क्षेत्रों और अन्य निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। टीम ने परियोजना की 42 प्रतिशत भौतिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना में यह परियोजना अन्य शहरों में चल रहे समान प्रोजेक्टों की तुलना में तेज गति से आगे बढ़ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने पर्यावरण और सामाजिक सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की।

# निंबुआ की फैक्ट्रियों के जहरीले पानी से सैकड़ों एकड़ फसलें बर्बाद, किसानों ने हाईवे जाम की दी चेतावनी

## बिना ट्रीटमेंट छोड़े जा रहे रासायनिक पानी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

डेराबस्सी/यूटर्न/10 जुलाई। गांव निंबुआ स्थित औद्योगिक इकाइयों से बिना उपचार छोड़े जा रहे रासायनिक और जहरीले पानी को लेकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में भारी रोष है। हरिपुर हिंदुआं, हैबतपुर, ईसापुर सहित आसपास के गांवों के लोगों ने प्रशासन को शिकायत देकर दोषी फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, प्रभावित किसानों को मुआवजा देने और प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे हाईवे जाम करने के साथ पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि निंबुआ की कई फैक्ट्रियां बिना ट्रीटमेंट प्लांट के रासायनिक युक्त पानी नालों और चैनलों के माध्यम से सीधे खेतों में छोड़ रही हैं। इससे हरिपुर हिंदुआं, हैबतपुर और ईसापुर की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो चुकी है। किसानों का कहना है कि उनकी हरी-भरी फसलें काली पड़कर नष्ट हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि जहरीला पानी जमीन में रिसने से भूजल भी दूषित हो रहा है। इससे कृषि भूमि के बंजर होने के साथ कैंसर, किडनी और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। उनका आरोप है कि इस संबंध में पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कई बार शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।



ग्रामीणों ने उपायुक्त मोहाली, एसडीएम डेराबस्सी, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और क्षेत्रीय विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच कराने, नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों को तत्काल सील करने, भारी जुमार्ना लगाने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

समाजसेवी तरसेम सिंह हरिपुर हिंदुआं और किसान नेताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो सभी प्रभावित गांवों के किसान हाईवे जाम करने और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

उधर, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ स्वजोत सिंह बैंस ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है। विभाग की टीम जल्द ही मौके का निरीक्षण करेगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले पंजाब नंबरदार संघ का प्रतिनिधिमंडल

## टोल माफी और स्वास्थ्य बीमा समेत कई अहम मांगों पर चर्चा





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/जुलाई। पंजाब नंबरदार एसोसिएशन (गालिब) के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य प्रधान परमिंदर सिंह गालिब (जगरांव) के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी से एक उच्चस्तरीय मुलाकात की। इस बैठक में प्रदेश भर के नंबरदारों को पेश आ रही गंभीर समस्याओं और उनकी लंबित मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**प्रमुख मांगें: हरियाणा की तर्ज पर मिले सुविधाएं...**प्रधान परमिंदर सिंह गालिब ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि नंबरदार प्रशासनिक तंत्र की अहम कड़ी हैं, लेकिन वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

**एसोसिएशन ने निम्नलिखित मांगें प्रमुखता से उठाई:** टोल टैक्स से पूर्ण मुक्ति: हरियाणा की तर्ज पर नंबरदारों को टोल टैक्स में छूट दी जाए।

**डिजिटल व स्वास्थ्य सुरक्षा:** नंबरदारों के लिए मोबाइल भत्ता और व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए।

**सम्मान भत्ता:** केंद्र सरकार की ओर से नंबरदारों के लिए एक विशेष सम्मान भत्ता निर्धारित किया जाए।

### मुख्यमंत्री का आश्वासन: 'घोषणा पत्र में शामिल होंगी मांगें'

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि इन मांगों का सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस संबंध में भाजपा हाईकमान से चर्चा करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले जब पार्टी अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करेगी, तो उसमें नंबरदारों की इन मांगों को प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाएगा और सरकार बनने पर इन्हें तुरंत अमलीजामा पहनाया जाएगा।

**अंतर-राज्यीय समन्वय का बड़ा ऐलान...**मुख्यमंत्री ने पंजाब और हरियाणा के नंबरदारों के बीच तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से एक साझा बैठक आयोजित करने का भी ऐलान किया, ताकि दोनों राज्यों के नंबरदारों की समस्याओं का संयुक्त रूप से समाधान तलाशा जा सके।

**प्रतिनिधिमंडल में ये दिग्गज रहे शामिल...**इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर, राज्य महासचिव आलमजीत सिंह चकोही, राज्य कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह चांगली, जिला प्रधान (कपूरथला) जरनैल सिंह बाजवा, जिला प्रधान (पटियाला) जगजीत सिंह डडोआ, हरनेक सिंह हथूर, बलवंत सिंह धालीवाल (जगरों), मंमिंदर सिंह खेड़ी मानिया, जगतार सिंह बारन, बलविंदर सिंह टोडरपुर, रविंद्र सिंह ढिल्लों और कुलदीप कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में रास्ता रोककर हमला, पगड़ी उतारने और जान से मारने की धमकी का आरोप

मोहाली/यूटर्न/10 जुलाई। गांव श्यामपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। थाना सोहाना पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव श्यामपुर निवासी गुरमीत सिंह ने बताया कि 7 जुलाई की शाम करीब 5:45 बजे वह मोहाली से अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गुरदीप सिंह उर्फ कुलदीप ने मोटरसाइकिल उनकी कार के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी ने धक्का देकर उनकी पगड़ी उतार दी और बेइज्जती करने की नीयत से बाल भी खींचे। शोर सुनकर गांव के दो लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कराया।

# बरसात से पहले नालों-सीवरेज की सफाई पूरी करें अधिकारी: रंधावा

## जलभराव वाले क्षेत्रों की नियमित निगरानी के निर्देश, विधायक ने तैयारियों की समीक्षा की

लालड़ू/यूटर्न/10 जुलाई। बरसात के मौसम में जलभराव और सीवरेज की समस्या से निपटने के लिए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने शुक्रवार को नगर परिषद लालड़ू में अधिकारियों, पार्षदों और परिषद पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों और सीवरेज लाइनों की सफाई समय रहते पूरी करवाई जाए। जिन स्थानों पर हर वर्ष पानी भरने की समस्या रहती है, वहां पहले से अतिरिक्त प्रबंध किए जाएं।

बैठक में वर्षा जल निकासी, सीवरेज व्यवस्था, सफाई प्रबंध और संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा की गई।



विधायक ने कहा कि बरसात के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए नगर परिषद और संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा।

रंधावा ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक वार्ड की नियमित निगरानी की जाए। बारिश के दौरान किसी क्षेत्र से जलभराव, सीवरेज ओवरफ्लो या गंदगी की शिकायत मिलने पर तुरंत टीम भेजकर समाधान किया जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और मशीनरी को तैयार रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों की सुरक्षा और सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में नगर परिषद के पदाधिकारी, पार्षद और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**जलभराव वाले स्थानों की बनेगी सूची...**विधायक ने नगर परिषद अधिकारियों को ऐसे स्थानों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, जहां बारिश के दौरान बार-बार पानी भरता है। इन क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए पंप, मशीनरी और कर्मचारियों की तैनाती पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया।

# विक्टोरिया हाइट्स परियोजना विवाद में समझौता, पंजाब रेरा ने शिकायत वापस लेने पर मामला किया खारिज

मोहाली/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने विक्टोरिया हाइट्स परियोजना से जुड़े एक मामले में दोनों पक्षों के आपसी समझौते के बाद शिकायत को वापस लेने की अनुमति देते हुए केस खारिज कर दिया। यह आदेश रेरा पंजाब के चेयरमैन राकेश कुमार गोयल ने 7 जुलाई 2026 को पारित किया। रेरा के आदेश के अनुसार, फॉर्च्यून मल्टीटेक प्राइवेट लिमिटेड ने डेराबस्सी स्थित विक्टोरिया हाइट्स परियोजना से संबंधित शिकायत (जीसी नंबर 0130/2024) 4 अप्रैल 2024 को दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता वरुण मित्तल ने प्राधिकरण को बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा हो चुका है। इसके चलते शिकायत वापस लेने की अनुमति मांगी गई। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी कमला रॉय की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। शिकायतकर्ता के अनुरोध और दोनों पक्षों के बीच हुए आपसी समझौते को देखते हुए रेरा ने शिकायत को वापस ली गई ( डिसमिस्ड ऐज विड्रॉन ) मानते हुए मामला समाप्त कर दिया। साथ ही संबंधित फाइल को रिकॉर्ड रूम में भेजने के निर्देश दिए गए। यह मामला रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 31 तथा पंजाब रेरा नियम, 2017 के नियम 36 के तहत दायर किया गया था। आदेश की प्रतियां दोनों पक्षों को भेजने के निर्देश भी रेरा रजिस्ट्री को दिए गए हैं।

# डेराबस्सी के मुख्य बाजार में किराना स्टोर में चोरी, नकदी समेत हजारों का सामान ले उड़ीं महिलाएं

## तड़के तीन बजे वारदात, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

डेराबस्सी/यूटर्न/10 जुलाई। डेराबस्सी के मुख्य बाजार स्थित एक किराना स्टोर में तड़के चोरी की वारदात से व्यापारियों में दहशत फैल गई। अज्ञात महिलाओं ने दुकान में घुसकर गल्ले से नकदी और हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक मनीष ढींगरा ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे उनकी ढींगरा किराना स्टोर में चोरी हुई। अज्ञात महिलाएं दुकान के अंदर दाखिल हुई और वहां रखा सामान व नकदी लेकर फरार हो गई। उनके अनुसार चोर करीब 35 से 40 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा गल्ले में रखी सात से आठ हजार रुपये की नकदी भी गायब मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। मुख्य बाजार में हुई इस चोरी की वारदात से व्यापारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि बाजार क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 रायपुर मंडला में बेसहारा मरीजों और बुजुर्गों के...

# चंडीगढ़ में किसानों का शक्ति प्रदर्शनः मटका चौक पर उमड़ा जनसैलाब

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और लैंड पूलिंग नीति के खिलाफ गरजे किसान







चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के नेतृत्व में शुक्रवार को चंडीगढ़ किसान आंदोलन का केंद्र बन गया। पंजाब के विभिन्न जिलों से हजारों किसान ट्रैक्टरों, बसों और अन्य वाहनों के जरिए शहर पहुंचे और सेक्टर-34 से मटका चौक तक विशाल रोष मार्च निकाला। किसानों के बड़े जमावड़े के चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई और लंबे जाम की स्थिति बन गई।

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहे। मटका चौक और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, बैरिकेडिंग की गई और कई स्थानों पर यातायात को डायवर्ट करना पड़ा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए घातक बताते हुए कहा कि इस समझौते के लागू होने से देश का कृषि क्षेत्र गंभीर संकट में आ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से स्थानीय बाजारों पर दबाव बढ़ेगा और किसानों की आय तथा कृषि अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस समझौते को लागू न करने की मांग की। किसान नेताओं ने पंजाब सरकार की नई लैंड पूलिंग नीति का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि किसानों की सहमति के बिना भूमि से जुड़ी किसी भी नीति को लागू नहीं किया जा सकता। किसान पहले ही इस नीति को लेकर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं और सरकार को इसे तत्काल वापस लेना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बढ़ती महंगाई, कृषि संकट और आम लोगों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

# रक्तदान एक नेक और प्रेरणादायक सेवा, यह पुन्य कर थैलेसीमिया पीड़ितों की करें मदद - जोनल कमिश्नर नीरज जैन



लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से श्री राम ग्लोबल स्कूल, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मॉल रोड स्थित श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को रक्तदान के लिए आमंत्रित किया गया है। श्री राम ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर कुंज गर्ग तथा न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के राजेश जैन बॉबी ने पक्षी सेवा सोसायटी एवं मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा, समाजसेवी अशोक थापर तथा जोनल कमिश्नर नीरज जैन को शिविर में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया। पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद करने की अपील की। समाजसेवी अशोक थापर ने कहा कि समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। जोनल कमिश्नर नीरज जैन ने कहा कि रक्तदान एक नेक और प्रेरणादायक सेवा है। उन्होंने शहरवासियों से इस पुनीत अभियान का हिस्सा बनकर अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।

**अधिक से अधिक रक्तदाता पहुंचें - कुंज गर्ग व राजेश जैन बॉबी...** अंत में श्री राम ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर कुंज गर्ग तथा न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के राजेश जैन बॉबी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आज आयोजित होने वाले इस विशाल रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें। आपका एक यूनिट रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के जीवन के लिए अमूल्य साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 12.30 लाख की ठगी, चौथा आरोपी एयरपोर्ट से गिरफ्तार



पंचकूला /यूटर्न/10 जुलाई। डंकी रूट से अमेरिका भेजने का झांसा देकर 12.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पंचकूला पुलिस की एंटी एमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने चौथे आरोपी आजाद सिंह निवासी पानीपत को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी मलेशिया जाने की कोशिश कर रहा था। उसके खिलाफ पहले से जारी लुक-आउट सर्कुलर के आधार पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने उसे हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, रायपुररानी थाने में 7 मार्च 2024 को दर्ज मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एजेंटों ने टूरिस्ट वीजा पर कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने के लिए 38 लाख रुपये में सौदा तय किया और उससे 12.30 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने उसे पहले दुबई और फिर आर्मेनिया भेजा, लेकिन अमेरिका नहीं पहुंचाया। ठगी का एहसास होने पर वह भारत लौट आया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि मामले में बलजिंद्र, विकास उर्फ विक्की और पंकज चौहान पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आजाद सिंह को अदालत ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पूछताछ में एक अन्य साथी की भूमिका सामने आई है। पुलिस ठगी की रकम बरामद करने और गिरोह के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

# श्री राम ग्लोबल स्कूल में छात्र-नेतृत्व सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 'द प्रिज्म' का आयोजन





लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी में छात्र-नेतृत्व सम्मेलन एवं प्रदर्शनी द प्रिज्म झ्र रिफ्लेक्शंस ऑफ स्टूडेंट्स विजन का सफल आयोजन किया गया। इस अभिनव कार्यक्रम में पारंपरिक अभिभावक-शिक्षक बैठक की बजाय विद्यार्थियों को केंद्र में रखा गया, जहां उन्होंने स्वयं अपने अभिभावकों को अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों, सीखने के लक्ष्यों, विभिन्न विषयों में प्रगति तथा व्यक्तिगत विकास से परिचित कराया। विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), फ्रेंच तथा क्षेत्रीय भाषाओं सहित विभिन्न विषयों में तैयार किए गए अपने प्रोजेक्ट्स और पोर्टफोलियो प्रस्तुत किए तथा अपने सीखने के अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ साझा किया। स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अंकों तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना, आलोचनात्मक सोच और अपने सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का कौशल विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन. पी. सिंह (सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं प्रोग्राम निदेशक) ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की। कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों को 'क्लास-वाइज ग्रैंड प्राइज' तथा 'सब्जेक्ट-वाइज एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' प्रदान किए गए।

## Happy Anniversary



Aradhya Dhruv

## Happy Anniversary




Suman Joshi & Ramesh Joshi

# भगवान जगन्नाथ विशाल नेत्रों से करते हैं पतितों का उद्धार, भक्तों पर अकारण बरसाते हैं असीम कृपा : उमेश मुंजाल

## जगन्नाथ रथयात्रा है महानगर का गौरव : राजेश ढांडा











लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा सनातन धर्म के सबसे पावन एवं भव्य उत्सवों में से एक मानी जाती है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा, समर्पण, समानता और मानव कल्याण का दिव्य संदेश देने वाला महापर्व है। प्रत्येक वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ भव्य रथ पर विराजमान होकर भक्तों के बीच आते हैं और उन्हें सुलभ दर्शन प्रदान करते हैं। इसी कारण रथयात्रा का प्रत्येक क्षण श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। उपरोक्त शब्दों का प्रक्टावा हाइवे साइकिल इंडस्ट्रीज के उमेश मुंजाल ने जगन्नाथ सेवकों के साथ आयोजित बैठक में किया। उन्होंने कहा कि इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सवक कमेटी की ओर से 16 जुलाई को श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल से शाम 4 बजे निकाली जा रही 30वीं विशाल एवं ऐतिहासिक रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ अपने विशाल नेत्रों से प्रत्येक जीव का दुःख देखेंगे और पतितों का उद्धार कर उन्हें धर्म एवं भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करेंगे।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान : विधायक अशोक पराशर पप्पी

*विधायक अशोक पराशर पप्पी तथा सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि जब भगवान स्वयं रथ पर आरूढ़ होकर मंदिर से बाहर निकलते हैं, तब वे किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के भगवान बनकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने दर्शन का सौभाग्य प्रदान करते हैं। रथयात्रा इस बात का प्रतीक है कि ईश्वर के द्वार सभी के लिए समान रूप से खुले हैं। भगवान के समक्ष न कोई ऊँच-नीच है, न जाति, न वर्ग और न ही किसी प्रकार का भेदभाव।*

# रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## ज़िन्दगी की राहें

किसी की ज़िन्दगी छोटी,
किसी की बहुत बड़ी होती है,
समय की डोर से बँधी,
ये बस एक घड़ी होती है।

किसी ने देखा बचपन ही,
किसी ने बुढ़ापा पाया,
किसी ने मुस्कान बाँटी,
तो किसी के हिस्से बस गम ही आया।

लम्बाई से नहीं मापा जाता,
ज़िन्दगी का बदलता साया।
कर्मों की गूंज से ही केवल
हर किसी ने है ये फलसफा पाया।

छोटी हो या बड़ी,
हर सांस की कदर करनी चाहिए,
खुशियाँ बाँटकर दुनिया में,
अपनी एक छाप भरनी चाहिए।

मौत किसी के दरवाजे तो
किसी के सिर पर खड़ी होती है।
जाने वाला कहीं दूर चला जाता है
गलतफहमियों की गठरी
फिर भी सिर पर धरी होती है।

मत रखो मनमुटाव किसी से,
वक्त की रेत हाथों से फिसलती जाती है।
जाने वाला कभी लौट कर
वापिस नहीं आता।
न जाने क्यों
गलतफहमियों की गठरी
फिर भी
सिर पर धरी होती है।

# कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Fake Instagram या Facebook Account बन जाए तो क्या करें?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल सोशल मीडिया पर किसी के नाम और फोटो का इस्तेमाल करके Fake Account बनाना आम होता जा रहा है। कई बार ऐसे Accounts का उपयोग लोगों को धोखा देने, बदनाम करने या पैसे मांगने के लिए किया जाता है।

यदि आपके नाम से Fake Instagram या Facebook Account बना दिया गया है, तो सबसे पहले घबराएं नहीं। उस Account का Screenshot लें और उसका Link सुरक्षित रखें। यह आगे चलकर महत्वपूर्ण साक्ष्य (Evidence) बन सकता है।

इसके बाद संबंधित Social Media Platform पर उस Fake Account की Report करें। Instagram और Facebook दोनों ऐसे मामलों में Fake Profile Report करने की सुविधा देते हैं।

यदि Fake Account का उपयोग धोखाधड़ी, ब्लैकमेल, पैसे मांगने या आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, तो तुरंत Cyber Crime Portal या नजदीकी Cyber Police Station में शिकायत करें।

ध्यान रखें कि Fake Account बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जा सकती है, विशेष रूप से यदि उसने किसी की पहचान का गलत इस्तेमाल किया हो या कोई अपराध किया हो।

कई लोग केवल Social Media पर पोस्ट डालकर लोगों को सावधान कर देते हैं, लेकिन कानूनी शिकायत नहीं करते। इससे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में देरी हो सकती है।

निष्कर्ष: यदि आपके नाम से Fake Social Media Account बनाया गया है, तो उसे नजरअंदाज न करें। समय पर Evidence सुरक्षित रखें, Platform पर Report करें और आवश्यकता होने पर Cyber Crime में शिकायत दर्ज कराएं।

# सरकारी कॉलेज गईं दो सहेलियां लापता, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

डेराबस्सी/यूटर्न/10 जुलाई। स्थानीय सरकारी कॉलेज में पढ़ने के लिए घर से निकलीं दो सहेलियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। देर शाम तक दोनों के घर वापस नहीं पहुंचने पर परिवार के सदस्यों ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद एक छात्रा के पिता की शिकायत पर डेराबस्सी पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई निर्भय सिंह ने बताया कि गांव अमलाला निवासी सोनू सिंह पुत्र जसपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ जुलाई की सुबह उसकी 18 वर्षीय बेटी मुस्कान घर से डेराबस्सी स्थित सरकारी कॉलेज जाने के लिए निकली थी।

## Happy Birthday



शिवम कतयाल

# क्या आज के समय में महिलाएँ वास्तव में सुरक्षित हैं?

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। भारत में महिलाओं को शक्ति, सम्मान और त्याग का प्रतीक माना जाता है। आज की महिला शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, सेना, खेल, उद्योग और प्रशासन सहित लगभग हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। वह परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके बावजूद महिलाओं की सुरक्षा आज भी देश के सामने एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

हर दिन समाचारों में छेड़छाड़, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों की खबरें सामने आती हैं। महानगरों से लेकर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक कई महिलाएँ सार्वजनिक स्थानों पर, कार्यस्थलों पर और रात के समय स्वयं को पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का भी प्रश्न है।

सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिला



हेल्पलाइन, महिला पुलिस थाने, फास्ट ट्रैक अदालतें, सख्त कानून और विभिन्न सुरक्षा योजनाएँ लागू की गई हैं। इसके साथ ही मोबाइल सुरक्षा ऐप, सीसीटीवी निगरानी और डिजिटल जागरूकता ने भी महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने में मदद की है। इन प्रयासों से सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। परिवार, विद्यालय, समाज और प्रत्येक नागरिक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बचपन से ही लड़कों और लड़कियों दोनों को समानता, सम्मान और संवेदनशीलता के संस्कार दिए जाने चाहिए। महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार और अपराधियों के प्रति त्वरित एवं कठोर कार्रवाई ही समाज में सुरक्षा का विश्वास पैदा कर सकती है।

आज की महिला पहले से अधिक शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी है। वह हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है, लेकिन उसकी वास्तविक स्वतंत्रता और प्रगति तभी संभव है जब वह बिना किसी भय के घर, सड़क, कार्यस्थल और समाज में सुरक्षित महसूस करे। महिलाओं की सुरक्षा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जिस दिन हर व्यक्ति महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा को अपना कर्तव्य समझेगा और कानून का सख्ती से पालन होगा, उसी दिन एक सुरक्षित, समान और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव होगा।

# लावारिस पशु को बचाने में हादसा..फॉर्च्यूनर डिवाइडर पार कर पलटी, जिम संचालक सहित दो की मौत

**लुधियाना से दिल्ली जा रहे थे चार दोस्त, तेज रफ्तार के कारण वाहन हुआ बेकाबू, दो घायल बाल-बाल बचे**

लालड़ू/यूटर्न/10 जुलाई। अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर शुक्रवार सुबह लालड़ू के आईटीआई चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में फॉर्च्यूनर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बाल-बाल बच गए। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर के सामने अचानक एक लावारिस पशु आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई और फिर कई पलटियां खाते हुए दूसरी ओर चंडीगढ़ लेन में जा गिरी। हादसे में लुधियाना निवासी 23 वर्षीय जिम संचालक मनजोत सिंह और चालक रवि कुमार (निवासी







कानपुर, उत्तर प्रदेश) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आकाश वर्मा (निवासी बीआरएस नगर, लुधियाना) और उनका सुरक्षा गार्ड राजीव कुमार पांडे (निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश) सुरक्षित बच गए। पुलिस के अनुसार चारों लोग फॉर्च्यूनर से लुधियाना से दिल्ली जा रहे थे। सुबह करीब छह बजे जैसे ही उनकी गाड़ी लालड़ू के आईटीआई चौक के निकट पहुंची, उसी दौरान अचानक सड़क पर एक लावारिस पशु आ गया। उसे बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। तेज रफ्तार के कारण फॉर्च्यूनर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक ओर के दोनों पहिए भी अलग हो गए। सूचना मिलते ही लालड़ू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हरमिलाप नगर रेलवे अंडरपास का रास्ता हुआ साफ, एप्रोच रोड की खुदाई शुरू

जीरकपुर/यूटर्न/10 जुलाई। बलटाना, रायपुर कला और आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों की वर्षों पुरानी मांग को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली, जब हरमिलाप नगर रेलवे अंडरपास (आरयूबी-123) के लिए एप्रोच रोड की खुदाई का कार्य जेसीबी मशीनों के माध्यम से शुरू कर दिया गया। ए.के.एम. भट्ठे के समीप शुरू हुए इस कार्य से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने इसे लंबे संघर्ष का सकारात्मक परिणाम बताया।

इस संबंधी जानकारी देते हुए जीरकपुर के वार्ड नंबर 1 से पार्षद गुरबिंदर सिंह संधू ने बताया कि इस परियोजना को गति दिलाने में सांसद सतनाम सिंह संधू, चंडीगढ़ से पार्षद



अनिल दुबे, सहयोग सेवा फाउंडेशन तथा दृढ़ संकल्प लिए रेलवे फाटक हटाओ, अंडरपास बनाओ संघर्ष समिति (आरयूबी-123) की सक्रिय भूमिका रही। लंबे समय से क्षेत्र के लोग रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम और आवागमन की कठिनाइयों से परेशान थे। लगातार उठाई गई मांगों और जनसहयोग के बाद अब परियोजना धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अंडरपास बनने से बलटाना, हरमिलाप नगर, रायपुर कला और चंडीगढ़ से जुड़े हजारों परिवारों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा होगा और वर्षों से चली आ रही यातायात समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा।

# जिम मालिक की कार आगे पशु आने से अनियंत्रित हुई कार, मालिक और ड्राइवर की मौत

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। लुधियाना के जिम ट्रेनर और उसके ड्राइवर की मोहाली में शुक्रवार तड़के सड़क हादसे में मौत हो गई। फॉर्च्यूनर गाड़ी में जिम मालिक दोस्त और सुरक्षा गार्ड के साथ





लुधियाना से दिल्ली जा रहा था। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। इस बीच आईटीआई चौक के पास अचानक पशु सामने आ जाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। लुधियाना बीआरएस नगर के रहने वाले 23 वर्षीय जिम मालिक मनजोत सिंह और ड्राइवर रवि की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य लोग सुरक्षित बच गए। टक्कर के बाद फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। बोनट मुड़कर विंडशील्ड तक पहुंच गया, जबकि फ्रंट बंपर, ग्रिल और हेडलाइट उखड़ गए। टायर टूट गए। कार की छत कई जगह से दब गई। दरवाजे भी पिचक गए थे। जिम संचालक मनजोत सिंह के पिता अमरपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मनजोत गुरुवार रात करीब पौने 12 बजे अपने दोस्त आकाश वर्मा, सुरक्षा गार्ड राजीव कुमार पांडे और ड्राइवर रवि कुमार के साथ फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। शुक्रवार सुबह जब गाड़ी लालड़ू के आईटीआई चौक के पास पहुंची, तो अचानक एक पशु सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ड्राइवर रवि कुमार ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की एकमुश्त राशि बढ़ेगी, बढ़े हुए डीए के आधार पर मिलेगा ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट का पैसा



पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फैसला किया है कि 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच रिटायर हुए कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट की गणना अब बढ़े हुए अनुमानित महंगाई भत्ते (नोटशनल डीए) के आधार पर की जाएगी। इससे पात्र कर्मचारियों को पहले की तुलना में मिलने वाली एकमुश्त राशि अब अधिक मिलेगी। यह जानकारी शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आई। सुनवाई में राज्य सरकार ने वित्त विभाग की 6 जुलाई को जारी अधिसूचना कोर्ट में पेश की। हाईकोर्ट ने इस अधिसूचना को रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। सरकार के इस फैसले से 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच रिटायर हुए पात्र कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट की राशि बढ़े हुए अनुमानित महंगाई भत्ते के आधार पर तय होगी, जिससे उन्हें पहले की तुलना में अधिक वित्तीय लाभ मिलेगा, इसका भुगतान तीन महीने के भीतर किया जाएगा।

## अब बढ़े हुए डीए के आधार पर मिलेगी राशि

सरकार की अधिसूचना के अनुसार, इस अवधि में रिटायर हुए कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट की गणना अब तक 17 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) के आधार पर की जा रही थी। इसके कारण कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय कम राशि मिली। अब सरकार ने बढ़े हुए नोटशनल डीए का लाभ देने का फैसला किया है, ताकि उन्हें ज्यादा राशि मिल सके। सरकार ने सभी पेंशन मंजूर करने वाले अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित गणना के आधार पर पात्र कर्मचारियों को अतिरिक्त राशि का भुगतान तीन महीने के भीतर किया जाए।

# 15 साल तक न प्लॉट दिया, न लौटाए पैसे, बाजवा डेवलपर्स पर उपभोक्ता आयोग सख्त

## 25.73 लाख रुपये नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने के आदेश, मानसिक प्रताड़ना व मुकदमेबाजी के लिए 2.50 लाख रुपये अलग से देने होंगे

मोहाली/यूटर्न/10 जुलाई। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग मोहाली ने प्लॉट का कब्जा देने में करीब डेढ़ दशक की देरी और खरीदार की रकम वापस न करने के मामले में बाजवा डेवलपर्स लिमिटेड और उसके प्रबंध निदेशक जे.एस. बाजवा के खिलाफ फैसला सुनाया है। आयोग ने दोनों को संयुक्त रूप से शिकायतकर्ता को 25.73 लाख रुपये जमा राशि नौ फीसदी वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही मानसिक प्रताड़ना, असुविधा और मुकदमेबाजी के खर्च के लिए 2.50 लाख रुपये का मुआवजा भी अदा करने को कहा है।

बठिंडा निवासी रजिंदर कुमार ने आयोग में दायर शिकायत में बताया कि उन्होंने 16 जुलाई 2011 को जंडपुर स्थित सनी इन्क्लेव में 251 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट बुक कराया था। प्लॉट की कुल कीमत 33.80 लाख रुपये तय हुई थी, जिसमें से उन्होंने अलग-अलग किस्तों में 25.73 लाख रुपये जमा करा दिए। बिल्डर ने 18 दिसंबर 2011 तक विकास कार्य पूरा कर प्लॉट का कब्जा देने का आश्वासन दिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्ष 2016 में साइट




पर पहुंचने पर वहां कोई विकास कार्य नहीं मिला। वर्ष 2019 में बिल्डर ने रजिस्ट्री और कब्जा देने का भरोसा दिया, लेकिन यह भी पूरा नहीं किया। इसके बाद वर्ष 2021 में लिखित अनुरोध और कानूनी नोटिस भेजकर रकम वापस मांगी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। सुनवाई के दौरान बाजवा डेवलपर्स ने दावा किया कि उनकी ओर से सेवा में कोई कमी नहीं रही और शिकायत समय-सीमा से बाहर है। हालांकि आयोग ने पाया कि बिल्डर ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिससे यह साबित हो सके कि प्लॉट कब्जा देने के लिए तैयार था या शिकायतकर्ता ने कब्जा लेने से इनकार किया था। आयोग ने इसे सेवा में स्पष्ट कमी मानते हुए शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। आयोग ने आदेश दिया कि 30 दिन के भीतर 25.73 लाख रुपये जमा कराने की तिथियों से नौ फीसदी वार्षिक ब्याज सहित वापस किए जाएं। यदि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया तो पूरी राशि पर 12 फीसदी वार्षिक ब्याज देना होगा। इसके अलावा 2.50 लाख रुपये मुआवजा और मुकदमेबाजी के खर्च के रूप में भी अदा करने होंगे।

# गर्ग फिर बने प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

## एसोसिएशन ने किया नई कार्यकारिणी का गठन

## फ्री होल्ड पालिसी व शेयरवाइज प्रापर्टी की बिक्री शुरू करने की उठाई मांग

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स एसोसिएशन चंडीगढ़ की वार्षिक आम सभा सेक्टर-35बी में आयोजित हुई। बैठक में शहर के 150 से अधिक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स ने भाग लिया। इस दौरान मदन लाल गर्ग को वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उनके अलावा विपनजीत सिंह अमन को महासचिव निर्वाचित किया गया। गुरनाम सिंह सैनी चेयरमैन और पवन कुमार गुप्ता वित्त सचिव के पद पर बने रहेंगे।

पुनर्निर्वाचन के बाद अध्यक्ष



मदन लाल गर्ग ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े मुद्दों के समाधान और सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान होना चाहिए ताकि प्रॉपर्टी कारोबार को गति मिल सके। बैठक में एसोसिएशन ने चंडीगढ़ प्रशासन से शेयरवाइज रिहायशी संपत्तियों की बिक्री दोबारा शुरू करने की मांग की। इसके साथ ही चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटों में किए गए अतिरिक्त निर्माण और बदलाव को नियमित करने के लिए स्पष्ट नीति लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

एसोसिएशन ने यह मुद्दा भी उठाया कि लॉकिंग पीरियड समाप्त होने से पहले संपत्ति बेचने के मामलों में 'अनअर्न्ड प्रॉफिट' की गणना को लेकर लंबे समय से अनिश्चितता बनी हुई है। इस विषय पर प्रशासन को जल्द स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। इसके अलावा औद्योगिक और व्यावसायिक संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए नई नीति लागू करने की भी मांग की गई।

# नेशनल हाइवे पर दो ट्रकों में लगी आग, प्रेशर टैंक में ब्लास्ट से धमाका, दमकल गाड़ी हुई खराब, बाल्टियों से पाया काबू

पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। पठानकोट के एनएच-44 पर एमएसपी थिएटर के समीप एक मैकेनिक की वर्कशॉप के बाहर उस समय एक बड़ा और भयानक हादसा हो गया, जब वहां खड़े 2 ट्रकों में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दोनों ट्रक देखते ही देखते पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। जबकि तीसरे ट्रक को भी काफी नुक्सान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि यह हादसा एक ट्रक के टैंकर में हुए जोरदार धमाके के बाद हुआ। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया।



हालांकि, गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। तीनों ट्रक जम्मू-कश्मीर के कठुआ से रिपेयर के लिए आए थे।

### आग बुझाने आई गाड़ी बनी लाचार, बाल्टियों से बुझाने लगे आग

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय दुकानदारों सुनील और अमित ने दमकल विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े करते हुए बताया कि जैसे ही वर्कशॉप के पास खड़े ट्रकों में धमाके के साथ भीषण आग लगी, तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ ही देर में पहली गाड़ी मौके पर पहुंच भी गई, लेकिन इसके बाद जो हुआ उसने प्रशासन के इमरजेंसी रिस्पॉन्स की पोल खोल दी। आग के मुहाने पर खड़ी दमकल की गाड़ी में पानी होने के बावजूद तकनीकी खराबी के चलते प्रेशर ही नहीं बन पाया। प्रेशर न बनने के कारण हाइड्रोलिक पाइप से पानी की एक बौछार तक नहीं छोड़ी जा सकी।

# वन महोत्सव-2026: चंडीगढ़ में 4 लाख पौधे लगाने के अभियान का आगाज

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। वन महोत्सव-2026 के तहत चंडीगढ़ को और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में शुक्रवार को लगभग 4 लाख से अधिक पौधे लगाने के महाअभियान का शुभारंभ किया गया।



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इस अभियान की शुरूआत करते हुए शहरवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इसी कड़ी में वार्ड नंबर-9 स्थित हाई-टेक नर्सरी, दरिया (चंडीगढ़ वन विभाग) में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के साथ वार्ड-9 की भाजपा पार्षद बिमला दुबे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। दोनों ने पौधारोपण कर हरित क्रांति, स्वच्छ पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

# चंडीगढ़ में एनएसयूआई के संगठनात्मक चुनावों का आगाज, 21 अगस्त को घोषित होंगे अंतिम परिणाम



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के छात्र संगठन राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने चंडीगढ़ में अपने लोकतांत्रिक सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनावों की शुरूआत कर दी है। चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी और अंतिम परिणाम 21 अगस्त, 2026 को घोषित किए जाएंगे। नई दिल्ली में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ द्वारा देशव्यापी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की, केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के सदस्य किरण मुगबसावा, के.के. शास्त्री, निशांत मंडल तथा चंडीगढ़ एनएसयूआई संगठनात्मक चुनावों के प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर संदीप सिंह रीसम मौजूद रहे।

# रथयात्रा में दिखेगा श्रद्धा व कारीगरी का अद्भुत संगम - विक्रम भूड़या



मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। 16 जुलाई को जगन्नाथ जी की पारंपरिक रथयात्रा जगन्नाथ पुरम चन्दर नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर की ओर से बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है। रथयात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के सभी धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा श्रद्धालुओं मे भारी उत्साह है।

# पंजाब कांग्रेस में टूट का खतरा बढ़ा, बघेल बोले- चन्नी ने मिलने का समय नहीं मांगा; वड़िंग ने कहा- मैं खुद इस्तीफा क्यों दूं

पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब कांग्रेस में चुनाव से करीब 8 महीने पहले टूट का खतरा बढ़ गया है। कांग्रेस हाईकमान के किनारा करने के बावजूद चन्नी ने एआईसीसी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के आगे सरेंडर से इनकार कर दिया है। बघेल 4 दिन से चंडीगढ़ में डटे हैं लेकिन चन्नी उनसे मिलने के लिए नहीं गए। बघेल ने कहा कि चन्नी ने मिलने का समय नहीं मांगा। मुझसे जब बात हुई थी तब कहा था कि तीन दिन बाहर हूं। उन्होंने कहा कि 2022 का अनुभव अच्छा नहीं रहा इसलिए इस बार हाईकमान ने नेतृत्व परिवर्तन नहीं किया। इस बीच बगावती तेवर दिखा रहे पूर्व सीएम व जालंधर सांसद चरणजीत चन्नी के गुट की प्रभारी भूपेश बघेल से मीटिंग टल गई है। चन्नी गुट की शर्तों के बाद यह मीटिंग कैंसिल कर दी गई। अब ये मीटिंग कल हो सकती है। मीटिंग को लेकर चन्नी गुट की 2 शर्तें थीं, जिनमें कांग्रेस भवन में न मिलने और उसमें प्रधान राजा वड़िंग के मौजूद न होने की बात कही गई थी। माना जा रहा है कि इन पर सहमति नहीं बनी। चन्नी के करीबी सोर्सेज का कहना है कि वह दिल्ली में ही राहुल गांधी से मिलना चाहते हैं ताकि अगर उन्हें चुनाव में बड़ी भूमिका मिलती है तो उस पर बघेल नहीं बल्कि सीधे राहुल गांधी की मुहर हो। इसके बाद ही वह आगे कोई बड़ा फैसला लेंगे।



बघेल चंडीगढ़ में, चन्नी मोरिंडा में

## चन्नी गुट प्राइवेट में बात करेगा

*चन्नी की बघेल से मुलाकात पर प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग ने कहा कि भूपेश बघेल ने मुझे बताया कि कल एक बैठक तय की गई है, हालांकि मुझे जगह या इंतजामों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने मुझसे कहा कि वे पहले अकेले में बात करेंगे और फिर हम चर्चा के लिए बैठेंगे। मुझे लगता है कि अगले एक-दो दिनों में आप सभी को एक साथ एक मंच पर देखेंगे। वड़िंग ने कहा कि अगर हाईकमान का मन मुझे हटाने का नहीं है तो मैं अपने आप तो इस्तीफा नहीं दे सकता।*

# पंजाब में अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट से 48 करोड़ की हेरोइन बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार, पाक से आई खेप



अमृतसर/यूटर्न/10 जुलाई। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 8.378 किलो हेरोइन और 2 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 48 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पहले चरण में थाना छेहर्टा पुलिस ने लवप्रीत सिंह उर्फ लव और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर 2 किलो हेरोइन मिली। पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 3 किलो 10 ग्राम हेरोइन और 2 लाख रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की। इस पहले ऑपरेशन में कुल 5 किलो 10 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। जांच को आगे बढ़ाते हुए, पुलिस ने एक और ऑपरेशन में 3 किलो 368 ग्राम हेरोइन बरामद की। इस तरह, कुल बरामदगी 8 किलो 378 ग्राम हेरोइन तक पहुंच गई।

## मुख्यारोपी अमृतसर का रहने वाला

मुख्य आरोपी लवप्रीत सिंह अमृतसर के गांव खासा का रहने वाला 28 वर्षीय बीए पास युवक है। उसके खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तान में बैठे तस्कर ड्रोन के जरिए भारत-पाक सीमा के भीतर पूर्व-निर्धारित स्थानों पर हेरोइन गिराते थे। स्थानीय युवक इन खेपों को उठाकर आगे सप्लाई करते थे।

## रातों-रात अमीर बनने की चाहत में तस्करों के जाल में फंसे

कमिश्नर भुल्लर ने कहा कि रातों-रात अमीर बनने की चाहत और बेरोजगारी के कारण कई युवा नशा तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों पर नजर रखने और उनकी समय-समय पर काउंसिलिंग करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि पड़ोसी देश पंजाब के युवाओं को नशे के जरिए गुमराह करने की साजिश रच रहा है, जिसका मुकाबला समाज और पुलिस को मिलकर करना होगा।

# अबोहर में आप के सबलानियां बने मेयर, भाजपा को बहुमत हासिल, विधायक जाखड़ डीसी की गाड़ी के आगे लेटे

पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। फाजिल्का जिले की अबोहर नगर निगम में एक बड़े राजनीतिक उलटफेर में आम आदमी पार्टी ने मेयर बना लिया। आप के विजेता पार्षद गणेश सबलानियां को आप के हल्का इंचार्ज अरुण नारंग द्वारा नगर निगम का मेयर घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चुनाव करीब 4 बजे शुरू हुआ तो पूरा नगर निगम छावनी के रूप में तबदील था। एक घंटे बाद नगर निगम में उस समय माहौल पूरी तरह से तनातनी वाला हो गया जब विजेता पार्षदों व प्रशासन की उपस्थिति में धक्केशाही करते हुए आप के विजेता पार्षद गणेश सबलानियां को मेयर घोषित कर दिया। इस घटना से भाजपा पार्षदों में रोष फैल गया। उन्होंने नगर निगम में ही अधिकारियों की गाड़ियों का घेराव किया। भाजपा विधायक संदीप जाखड़ और पार्षदों ने डीसी की गाडी को घेरते हुए उनकी गाडी के आगे ही लेट गए। वहीं डीसी की गाडी के चालक ने जबरन गाडी निकालने का प्रयास किया, जिससे 2 भाजपा पार्षद भी घायल हुए हैं।



## सुनील जाखड़ मौके पर पहुंचे

डीसी की गाडी रोक रहे पार्षदों को हटाने के लिए पुलिस ने हलका लाठीचार्ज किया। इधर सूचना मिलने पर भाजपा के पूर्व पंजाब प्रधान सुनील जाखड़ भी मौके पर पहुंचे और आप सरकार पर धक्केशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा पार्षदों ने डीसी और फिरोजपुर के कमिशनर को नगर निगम में ही बंधक बना लिया।

## डीसी और फिरोजपुर कमिशनर से की बैठक

समाचार लिखे जाने तक शाम करीब पौने छह बजे तक सुनील जाखड़ डीसी और फिरोजपुर कमीशनर के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक कर उनसे जबाव मांग रहे है कि जब भाजपा के पास 29 पार्षद थे और आप के पास केवल 20 ही पार्षद थे तो उनका मेयर कैसे बन गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपके सामने यह धक्केशाही कैसे हो गई। इसे बिल्कुल बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# श्री दंडी स्वामी मंदिर के प्रमुख पं. राज कुमार शर्मा जी के छोटे भाई गोपाल कृष्ण शर्मा का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

लुधियाना/यूटर्न/10 जुलाई। सिविल लाइंस स्थित श्री दंडी स्वामी मंदिर से गोलोकवासी संकीर्तन सम्राट पं. जगदीश चंद्र कोमल जी के पुत्र एवं मंदिर प्रमुख पं. राज कुमार शर्मा जी के छोटे भाई गोपाल कृष्ण शर्मा का शुक्रवार को अचानक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार, 11 जुलाई को प्रात: 11:00 बजे केवीएम स्कूल के पीछे स्थित सिविल लाइंस श्मशान घाट में किया जाएगा। गोपाल कृष्ण शर्मा के निधन का समाचार मिलते ही श्री सिद्ध पीठ दंडी स्वामी मंदिर की संगत, सेवादारों तथा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। अनेक श्रद्धालुओं और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# रावी पार सात गांवों का नाव सहारा, पैंटून पुल हटने से बढ़ी परेशानी, स्थायी पुल की मांग

पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। गुरदासपुर जिले में रावी नदी के पार बसे सात गांवों के लोगों को एक बार फिर आवागमन की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मकोड़ा पत्तन पर प्रशासन द्वारा पैंटून पुल हटाए जाने के बाद ग्रामीणों के लिए नदी पार करने का एकमात्र साधन नाव ही बची है। इससे रोजमर्रा के कामकाज, शिक्षा और अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। नदी किनारे मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि नाव दिनभर में केवल 5 से 7 चक्कर ही लगाती है। ऐसे में लोगों को तेज धूप और गर्मी में घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार यात्रियों को नाव तक पहुंचने के लिए पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।



**सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा...** स्थानीय महिलाओं ने बताया कि इस समस्या का सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। नाव की सीमित सुविधा के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में स्कूली बच्चों से भरी एक छोटी नाव नदी में पलट गई थी। हालांकि सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन घटना के बाद लोगों में भय का माहौल है।

# वन महोत्सव-2026: डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड बना हरित क्षेत्र, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया पौधारोपण

अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। वन महोत्सव-2026 के तहत पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को पुनर्स्थापित डड्डूमाजरा लिगेसी वेस्ट साइट पर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने डड्डूमाजरा के विशाल कचरा डंपिंग ग्राउंड को हरित क्षेत्र में




बदलने को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धरती को मां का दर्जा दिया गया है और प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं, जो ऑक्सीजन, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# ड्रग लाइसेंस निलंबित होने के बाद भी चल रही थी फैक्ट्री, नकली आयुर्वेदिक दवाओं का भंडाफोड़

डेराबस्सी/यूटर्न/10 जुलाई। डेराबस्सी में नकली आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण और सप्लाई के कथित रैकेट का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एक फैक्ट्री को सील कर कॉपीराइट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिस फैक्ट्री में कथित तौर पर नकली उत्पाद बनाए जा रहे थे, उसका ड्रग लाइसेंस एक जून 2026 से ही निलंबित था। इसके बावजूद वहां उत्पादन जारी रहने की शिकायत मिलने पर संयुक्त कार्रवाई की गई। मामला उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित राहत हर्बल रेमेडीज के प्रोडक्शन मैनेजर की शिकायत पर दर्ज किया गया।



शिकायत के अनुसार कंपनी पिछले कई दशकों से 'नूरानी तेल' और 'राहत' ब्रांड के आयुर्वेदिक उत्पाद तैयार कर रही है। आरोप है कि डेराबस्सी-बरवाला रोड स्थित हंसा पार्क में कुछ लोग कंपनी के ट्रेडमार्क, लोगो, लेबल और पैकेजिंग की नकल कर कथित तौर पर नकली उत्पाद तैयार कर बाजार में बेच रहे थे।

शिकायतकर्ता के अनुसार नकली उत्पादों की वजह से कंपनी की साख प्रभावित हो रही है और हर महीने करीब 50 लाख रुपये तक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कंपनी ने यह भी दावा किया कि उसके उत्पाद देश के साथ-साथ विदेशों में भी बिकते हैं। सूचना मिलने पर ड्रग इंस्पेक्टर ज्योति बब्बर ने पुलिस टीम और कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ फैक्ट्री में छापेमारी की।

# सेक्टर-28बी में मेगा वृक्षारोपण अभियान, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया नेतृत्व




चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को सेक्टर-28बी स्थित नेबरहुड पार्क में आयोजित मेगा वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर एवं वार्ड नंबर-10 की पार्षद हरप्रीत कौर बबला तथा भाजपा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष देविंदर सिंह बबला भी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण अभियान में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, वन विभाग के प्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों तथा पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पौधारोपण कर नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य की नींव है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया। पूर्व महापौर हरप्रीत कौर बबला ने इस पहल की सराहना करते हुए वार्ड नंबर-10 में हरित विकास को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से वृक्षारोपण अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की, ताकि उनका स्वस्थ विकास सुनिश्चित हो सके। भाजपा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष देविंदर सिंह बबला ने कहा कि ऐसे अभियानों की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है।

# सेक्टर-34 मंडी ग्राउंड में फोल्डिंग लगाने वाले 500 परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट

## आप प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से की मुलाकात



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। सेक्टर-34 मंडी ग्राउंड में प्रत्येक वीरवार को कपड़ों की फोल्डिंग लगाकर रोजगार करने वाले करीब 500 मेहनतकश परिवारों की आजीविका बचाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) चंडीगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अमित कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को मांग-पत्र सौंपकर वर्षों से चल रहे रोजगार को बहाल करने की मांग की। आप के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सैकड़ों परिवार नगर निगम द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर नियमानुसार अपना रोजगार करते आ रहे हैं। नगर निगम की ओर से जारी शुल्क पर्चियां इस बात का प्रमाण हैं कि यह व्यवस्था निगम की जानकारी और निर्धारित प्रक्रिया के तहत संचालित होती रही है।

आप नेता शादाब राठी ने कहा कि पिछले दो वीरवार से फोल्डिंग लगाने वाले गरीब और मेहनतकश लोगों को अपना रोजगार करने से रोका जा रहा है, जिससे करीब 500 परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बिना किसी उचित कारण के इस वैध रोजगार को बाधित न किया जाए और मजदूरों व छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाए। प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल ने कहा कि गरीब, मेहनतकश और छोटे व्यापारियों की आजीविका की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# आवारा कुत्ते का आतंक.. लालडू में दर्जनभर लोगों को काटा, दहशत में वार्डवासी

लालडू/यूटर्न/10 जुलाई। नगर काउंसिल लालडू के वार्ड नंबर 12 और 13 में एक आवारा कुत्ते के आतंक से लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि कुत्ता अब तक करीब एक दर्जन लोगों को काट चुका है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इसे नहीं पकड़ा गया तो किसी बच्चे या बुजुर्ग के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। वार्ड नंबर 12 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कामेश्वर शर्मा ने बताया कि उनका भतीजा नरेंद्र कुमार, जो एक निजी कंपनी में चौकीदार है, शुक्रवार सुबह बीएलओ के पास ईएसआर फॉर्म भरने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आवारा कुत्ते ने उसके पैर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाने के साथ घाव पर 10 से 12 टांके लगाने पड़े। कामेश्वर शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना नगर काउंसिल अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लालडू थाना पुलिस से भी संपर्क किया गया, लेकिन पुलिस ने कहा कि आवारा पशु होने के कारण इस मामले में उनके स्तर पर कोई कार्रवाई संभव नहीं है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि कुत्ता पहले भी कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। उन्होंने नगर काउंसिल से मांग की है कि किसी बड़ी अनहोनी से पहले कुत्ते को पकड़कर लोगों को राहत दिलाई जाए। उधर, नगर काउंसिल के सेनेटरी इंस्पेक्टर गुलशन कुमार ने बताया कि संबंधित कुत्ते को पकड़ने की कार्रवाई जारी है और सोमवार तक उसे पकड़ लिया जाएगा।

# सरकारी स्कूल में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

- आज एक पेड़ लगाने से आने वाले कल के लिए एक स्वस्थ ग्रह सुनिश्चित होता है - चौधरी जसपाल सिंह पाली



चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। मनीमाजरा सरकारी हाई स्कूल सुभाषनगर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापक इंदु बब्बर के सहयोग से पौधारोपण किया गया। गाइड्स ने सैल्यूट एवं तिलक लगाकर मुख्य अतिथि भाजपा नेता चौधरी जसपाल सिंह पाली प्रधान का स्वागत किया। इंदु बब्बर ने कहा कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए सबसे अहम है। हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जन्मदिन, परिवार में विवाह उत्सव अन्य आयोजनों पर पेड़ पौधे लगाने चाहिए। पेड़ों को उखाड़ो मत पौधा को केवल निहारो। कपूर ने कहा कि धरती के अंदर अनेकों चीजों का भंडारण है। प्रकृति से हम काफी सीख ले सकते हैं। चौधरी जसपाल सिंह पाली ने गाइड को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा गाइड को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। पौधे हमारे जीवन की अमूल्य निधि है। वे पर्यावरण संरक्षण में सहायक है।

भारत विकास परिषद के संयोजक सरदार जसज्योत सिंह ने कहा कि नशा हमारे देश की उन्नति में अभिशाप है। हमें प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। संतुलन बनाए रखने मे प्रकृति से सामजस्य बनाकर चलना चाहिए। युवा पीढ़ी को पौधारोपण की तरफ ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर राहुल महाजन, मुकेश शर्मा, साहिल चौधरी, राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों का संघर्ष जारी, तीसरे दिन भी हड़ताल बरकरार, विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/जुलाई। अपनी जायज मांगों के समर्थन में सफाई सेवक यूनियन द्वारा शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल आज तीसरे दिन भी पूरे जोश और एकजुटता के साथ जारी रही। सरकार और प्रशासन द्वारा अपनाए जा रहे उदासीन रवैये के खिलाफ कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

इस संघर्ष को तब और मजबूती मिली जब पेंडू मजदूर यूनियन के जिला प्रधान सुखदेव सिंह मानुके, जिला सचिव अवतार सिंह तारी और प्रमुख समाजसेवी कुलवंत सिंह सहोता ने धरना स्थल पर



पहुंचकर सफाई कर्मियों को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

## सरकार को दी कड़ी चेतावनी

यूनियन नेताओं और समर्थक संगठनों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संघर्ष की संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। नेताओं ने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्तिगत स्वार्थ की नहीं, बल्कि सफाई कर्मियों के मान-सम्मान, उनके अधिकारों और भविष्य को सुरक्षित करने की लड़ाई है।

## एकजुटता का संकल्प

यूनियन के पदाधिकारियों ने समाज के अन्य वर्गों और जन संगठनों से अपील की है कि वे इस न्याय की लड़ाई में सफाई कर्मियों का साथ दें। हड़ताल को सफल बनाने के लिए संकल्प लेते हुए सभी ने मांग पूरी होने तक पीछे न हटने का दृढ़ निर्णय लिया है।

## प्रमुख रूप से ये रहे उपस्थित

इस संघर्ष को सफल बनाने में संरक्षक प्रदीप कुमार, सचिव राजिंदर कुमार, उपाध्यक्ष सनी सुंदर, संदीप धालीवाल, लखबीर सिंह निक्का (प्रधान, राष्ट्रीय सफाई सेवक महासंघ), राज कुमार (प्रधान, सीवरमैन यूनियन), बलविंदर कल्याण, सुरजीत सिंह भागा, राम सहित बड़ी संख्या में म्यूनिसिपल वर्कर और सफाई सेवक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अपनी एकता का प्रदर्शन किया।

# कहानी की जादुई दुनिया में खोए जीएचजी अकादमी के नन्हे कलाकार

## अंतर-हाउस कहानी वाचन प्रतियोगिता संपन्न

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/जुलाई। जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में हाल ही में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए 'अंतर-हाउस कहानी वाचन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसने विद्यालय के प्रांगण को कल्पनाओं और रचनात्मकता के रंगों से भर दिया। यह प्रतियोगिता केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की अद्भुत वाक्पटुता और आत्मविश्वास का एक जीवंत प्रदर्शन थी।



**सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का अनूठा संगमः** प्रतियोगिता को दो सोपानों में विभाजित किया गया था। प्रथम चरण में नन्हे लेखकों ने अपनी मौलिक सोच को शब्दों में पिरोकर बेहतरीन कहानियों का सृजन किया। द्वितीय चरण और भी रोमांचक रहा, जहाँ प्रतिभागियों ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित 'प्रॉप्स' (ढ१ङ्क्स्र२) का उपयोग करते हुए अपनी कहानियों को मंच पर जीवंत कर दिया। उनकी भाव-भंगिमाओं, आवाज के उतार-चढ़ाव और प्रभावशाली अभिनय ने निर्णायक मंडल सहित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्राचार्या का संदेशः प्रतिभा को निखारने का आह्वान...**विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रमनजोत कौर ग्रेवाल ने प्रतिभागियों के कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को पंख देती हैं और उन्हें अपने विचारों को बेबाकी से रखने के लिए प्रेरित करती हैं।' उन्होंने न केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों के समर्पण को भी सराहा।

परिणाम और उपलब्धियाँ

प्रतिभाओं के इस महासंग्राम में

**परिणामः** प्रथम स्थानः जुझार हाउस (अतुलनीय प्रदर्शन)

**द्वितीय स्थानः** अजीत हाउस

**तृतीय स्थान (संयुक्त): जोरावर हाउस और फतेह हाउस...**यह आयोजन न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि बनकर रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपनी कल्पनाओं को एक मंच प्रदान करने और सीखने की दिशा में एक प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुआ।

# ग्रीन गाउन में कृति सेनन का ग्लैमरस बोल्ड लुक



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई उनकी तस्वीरों में वह ग्रीन हाई-स्लिट कट-आउट गाउन में बेहद ग्लैमरस नजर आईं। उनका कॉन्फिडेंट पोज और स्टनिंग लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कृति ने इस लुक को मिनिमल ज्वेलरी, सॉफ्ट मेकअप और खुले वेवी बालों के साथ पूरा किया, जिसने उनके फैशन स्टेटमेंट में चार चांद लगा दिए। अभिनेत्री का यह आउटफिट फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। किसी ने उन्हें 'ग्रीन गॉडेस' कहा तो किसी ने 'बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश दीवा' बताया। कृति सेनन का यह बोल्ड और एलिगेंट अवतार एक बार फिर साबित कर रहा है कि वह न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने फैशन सेंस से भी लोगों का दिल जीतना बखूबी जानती हैं।

# रंजिश में दो स्कार्पियो सवार बदमाशों ने की दोस्तों पर फायरिंग, श्मशान की दीवार फांदकर बचाई जान, 7 पर केस

पंजाब/यूटर्न/10 जुलाई। तरनतारन जिले के अंतर्गत आते चोहला साहिब के गांव भट्टल भैआके में 5 साल पुरानी रंजिश को लेकर दिन-दिहाड़े खूनी खेल खेले जाने का मामला सामने आया है। यहां नहर में स्नान करने गए दो दोस्तों पर स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। दोनों युवकों ने श्मशान घाट की दीवार फांदकर और पानी की टंकी के पीछे छिपकर बमुश्किल अपनी जान बचाई। चोहला साहिब थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में 7 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव भट्टल निवासी 27 वर्षीय गुरसाहिब सिंह पुत्र सलविंदर सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्त सनीदीप सिंह पुत्र मंगल सिंह के साथ गांव के श्मशान घाट के पास नहर में नहाने जा रहे थे। रास्ते में एक काली स्कॉर्पियो कार में सवार



होकर आए जगरूप सिंह और मलकीत सिंह ने उनका रास्ता रोका और बहसबाजी करने लगे। उस समय तो सनीदीप ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद दोपहर करीब 1:15 बजे, जब दोनों दोस्त श्मशान घाट के शेड (छतरी) के नीचे बैठे थे, तभी अचानक दो गाड़ियां वहां रुकीं। गाड़ियों में से हथियारों से लैस होकर उतरे हमलावरों ने उन पर सीधी फायरिंग शुरू कर दी।

## दीवार फांदकर भागे युवक, मौके से 5 खोल बरामद

जानलेवा हमला होते देख गुरसाहिब सिंह और उसका दोस्त श्मशान की दीवार फांदकर गांव की तरफ भागे। गुरसाहिब ने गांव की पानी की टंकी के कमरे के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर जब ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होने लगे, तो हमलावर जान से मारने की धमकियां देते और हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पुलिस ने जगरूप सिंह निवासी भट्टल भैके, मलकीत सिंह निवासी भट्टल भैके, नवरूप सिंह निवासी भट्टल भैके, सुखविंदर सिंह काली निवासी भट्टल भैके, मंगल सिंह निवासी भट्टल भैके, गुरलाल सिंह निवासी सरहाली कलां और बिक्रम सिंह बिक्का निवासी जल्लेवाल खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# रायपुर मंडला में बेसहारा मरीजों और बुजुर्गों के लिए आश्रम का निर्माण तेज

पटियाला/रायपुर मंडला/यूटर्न/10 जुलाई। जनहित समिति पंजीकृत पटियाला की ओर से गांव रायपुर मंडला में बनाए जा रहे ह्यजनहित बेसहारा पेशेंट हेल्थ केयर सेंटर और वृद्धाश्रमह्ण का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। समिति के प्रधान एसके गौतम ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। समिति के जनरल सेक्रेटरी विनोद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पांच सदस्यीय टीम ने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। टीम में संस्थापक सदस्य अनिल कुमार भारती, मैनेजर सतीश कुमार जोशी, केंद्र इंचार्ज रंजीत सिंह तथा समाज सेविकाएं अमरजीत साहीवाल और सोनिया पुरी शामिल थीं। टीम ने बेसहारा, अनाथ, बुजुर्ग और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए बेहतर देखभाल एवं उपचार की व्यवस्था पर सुझाव दिए।



रायपुर मंडला पटियाला में निर्माणाधीन जनहित बेसहारा पेशेंट हैल्थ केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए टीम सदस्य।

ग्राउंड फ्लोर पर आश्रम की व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई, जबकि प्रथम मंजिल पर निर्माण कार्य की जरूरत पर जोर दिया गया। अपना घर आश्रम भरतपुर, राजस्थान के मार्गदर्शन में भवन और सुविधाओं का जायजा लिया गया। अपना घर आश्रम ने जनहित समिति को तकनीकी सहायता और कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण देने का भरोसा दिया है। दोनों संस्थाओं का यह संयुक्त प्रयास भविष्य में बेसहारा लोगों के लिए आशा और सहारे का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

# हसीना के बाद बांग्लादेश का नया रणक्षेत्रः अब फुटबॉल विश्व कप पर बह रहा है खून, 12 मरे, 100 घायल

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद राजनीतिक हिंसा और सांप्रदायिक हमलों से जूझ रहे बांग्लादेश को अब एक नया मोर्चा मिल गया है। इस बार वजह न सत्ता है, न धर्म, न सीमा विवाद बल्की फीफा विश्व कप। अर्जेंटीना और ब्राजील के समर्थकों के बीच शुरू हुए विवाद अब तक 12 लोगों की जान ले चुके हैं और 100 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। विरोध यह है कि बांग्लादेश खुद विश्व कप में हिस्सा नहीं ले रहा, लेकिन वहां अर्जेंटीना और ब्राजील के समर्थकों के बीच प्रतिद्वंद्विता किसी स्थानीय राजनीतिक या सांप्रदायिक संघर्ष जैसी उग्र होती जा रही है।

देश के कई जिलों से हत्या, चाकूबाजी, मारपीट, सड़क पर गोलीबारी और यहां तक कि बिजली का करंट लगने से मौत की घटनाएं सामने आई हैं। कुमिल्ला में अर्जेंटीना समर्थकों के बीच लियोनेल मेसी द्वारा पेनल्टी चूकने पर शुरू हुई बहस एक व्यक्ति की हत्या तक पहुंच गई। ढाका, सिलहट और आशुलिया में भी फुटबॉल को लेकर हुए विरोध में लोगों की जान गई। वहीं, कई युवकों की मौत अपनी पसंदीदा टीम के झंडे लगाने के दौरान बिजली का करंट लगने से हुई। विश्व कप जश्न के दौरान सड़क हादसों और अन्य घटनाओं ने भी मृतकों की संख्या बढ़ाई है।



## मीडिया ने जताई हैरानी

एक स्थानीय नागरिक ने मीडिया से कहा, लोग सिर्फ फुटबॉल मैच के लिए किसी की जान कैसे ले सकते हैं? यह समझ से परे है। पुलिस ने सार्वजनिक जगहों पर लगाए गए बड़े स्क्रीन और मैच प्रदर्शन स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि शेष विश्व कप मुकाबलों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि समर्थकों के बीच हिंसक झड़पों को रोका जा सके।

## यह चिंता का प्रमुख कारण

परिषद का कहना है कि खेल के प्रति असाधारण भावनात्मक लगाव, सोशल मीडिया पर बढ़ती कट्टर समर्थक संस्कृति और छोटी-छोटी बहसों का हिंसक रूप ले लेना इस चिंता का प्रमुख कारण है। उनका कहना है कि फुटबॉल, जो लोगों को जोड़ने का माध्यम होना चाहिए, बांग्लादेश के कई इलाकों में अब हत्या प्रतिद्वंद्विता में बदल दिखाई दे रहा है।

# मोहाली में नव इमिग्रेशन एक्सपर्ट्स का लाइसेंस रद्द, एडीसी की कार्रवाई

मोहाली/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) गीतिका सिंह ने मोहाली स्थित नव इमिग्रेशन एक्सपर्ट्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। फर्म का कार्यालय फेज-3बी2 तीसरी मंजिल पर संचालित था।

एडीएम ने बताया कि फर्म के संचालक गौरव कटारिया को 21 अगस्त 2025 को कंसल्टेंसी कार्य के लिए लाइसेंस जारी किया था, जिसकी वैधता 20 अगस्त 2030 तक थी। लाइसेंसधारक को समय-समय पर कार्यालय की गतिविधियों, आयोजित सेमिनार, प्रकाशित विज्ञापनों और मासिक स्व-घोषणा संबंधी जानकारी गृह विभाग, पंजाब सरकार के माध्यम से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

प्रशासन के अनुसार, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट्स, चंडीगढ़ ने जानकारी दी थी कि फर्म सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भर्ती संबंधी विज्ञापन प्रकाशित कर कथित रूप से इमिग्रेशन एक्ट, 1983 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है।

इसके बाद फर्म को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण और संबंधित दस्तावेज मांगे गए थे। जांच के दौरान भवन मालिक गुरमिंदर सिंह धालीवाल ने भी प्रशासन को बताया कि फर्म ने फरवरी 2026 में उक्त परिसर खाली कर दिया था।

# मुबारिकपुर में सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहा युवक गिरफ्तार



डेराबस्सी/यूटर्न/10 जुलाई। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुबारिकपुर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशा करने और नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार एएसआई लखविंदर सिंह अपनी टीम के साथ मुबारिकपुर क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि मनोज कुमार उर्फ मोजी उर्फ फौजी, निवासी सीता माता मंदिर के निकट, मुबारिकपुर, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास नशे की हालत में बैठा है और आगे भी नशा करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच के बाद उसके खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर नशा करने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार कार्रवाई जारी है। नशा करने और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशीले पदार्थों का कारोबार करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि नशामुक्त समाज बनाने की मुहिम को और प्रभावी बनाया जा सके।

# आतंक, हथियार और ड्रग तस्करी के मामले में बब्बर खालसा के 10 कथित सदस्यों के खिलाफ आरोप तय

मोहाली/यूटर्न/10 जुलाई। मोहाली की एक अदालत ने प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के 10 कथित सदस्यों के खिलाफ कथित आतंकी भर्ती, ड्रोन के जरिए हथियारों की सीमा पार तस्करी और हथियारों और नशीले पदार्थों के बड़े जखीरे की बरामदगी से जुड़े एक मामले में आरोप तय किए हैं। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज हरदीप सिंह ने शकील अहमद उर्फ लाडी गुज्जर, लवप्रीत सिंह उर्फ लाबू, सरूप सिंह उर्फ रूप उर्फ घुला, सहजप्रीत सिंह उर्फ निरवैर सिंह उर्फ सनी, अमरजीत सिंह उर्फ निक्का, करणवीर सिंह उर्फ राजा, विशालदीप सिंह, शरणजीत सिंह उर्फ सनी, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी और सुखविंदर सिंह उर्फ सुख के खिलाफ आरोप तय किए। आरोपियों पर अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट (यूएपीए), आईपीसी के सेक्शन 120-इ, 121 और 153 के अलावा आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के संबंधित सेक्शन के तहत आरोप लगाए गए हैं। प्रॉसिक्यूशन के अनुसार, पुलिस को कॉन्फिडेंशियल जानकारी मिली थी कि शकील अहमद उर्फ लाडी गुज्जर ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक टेरर मॉड्यूल बनाया था। इसके लिए विदेश में मौजूद हैंडलर ने मदद की थी। हैंडलर में हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन (यूएसए), निशान सिंह (यूके), और पाकिस्तान में मौजूद बब्बर खालसा इंटरनेशनल के ऑपरेटिव हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा शामिल थे। ये हैंडलर कथित तौर पर पाकिस्तान की आईएसआई के साथ मिलकर काम कर रहे थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372